(b) and (c): Item 1 has been completed and opened to traffic on 2nd October 1972. Item 2 is an approved work and final location survey for it is in progress after the completion of which construction work will be taken up.

For item 3, Final Location survey is in progress and construction work will be taken up after its completion subject to availability of funds.

एक्जीक्यूटिव आफिस में लेखाकार और कार्य. लेखाकार की ड्यूटी

8849. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर रेलवे में कार्य लेखाकार का कोई पद है ;

(ख) क्या एक्जीक्यूटिव आफिस में कार्य लेखाकार और लेखाकार ड्यूटी एक सी है ;

(ग) क्या उत्तर रेलवे ने इन दोनों पदों की ड्यूटी और दायित्व बराबर की मानी है ;

(घ) क्या हेड क्लर्क की तुलना मे कार्य लेखाकार को कम वेतनमान दिया जा रहा है और इस बात की उपेक्षा की गई है कि कार्य लेखाकार के अधिकृत वेतनमान हेड क्लर्क की तुलना में अधिक हैं और हेड क्लर्क कार्य लेखाकार के नीचे काम करते है ; और

(ङ) यदि हां, तो इस विसंगति को दूर करने के लिए और इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कि इस पद पर कार्य कर रहे व्यक्ति को कोई हानि न हो क्या कार्यवाही की जा रही है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) :

(क) जी हां ।

(ख) और (ग) निर्माण शाखा में नियुक्त निर्माण लेखाकारों और परिशिष्ट-III-ग के अर्हता प्राप्त लेखाकारों का काम एक ही किस्म का है तथापि इन दोनों कोटियों को कभी एक समान नहीं माना गया क्योंकि पहली कोटि के कर्मचारियों को अपेक्षा कम कठिन विभागी परीक्षा पास करना पड़ती है ।

(घ) और (ङ) निर्माण लेखाकारों की कोटि को संशोधित वेतनमान देने के प्रश्न पर अभी विचार किया जा रहा है ।

वर्ष 1972, 1973, 1974 तथा 1975 में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को दिये गये ठेले, खोंचे तथा स्टाल

8850. **श्री हुकम चन्द कछवाय** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1972, 1973, 1974 में तथा मार्च 1975 तक अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों का कितने ठेले, खोंचे तथा स्टाल दिये गये हैं ;

(ख) एक ही व्यक्ति द्वारा अलग-अलग नामों से विभिन्न स्टेशनों पर ज नवार कितनी ट्रालिया और स्टाल चलाये जा रहे है और इस प्रकार वह ट्रालियों और स्टालों पर अपना एकाधिकार बनाये हुये है ,

(ग) ऐसे कितने ठेकेदार है जा समय-समय पर वर्षों से यही कार्य करते आ रहे हैं और अपनी फर्म तथा भागीदार बदलते रहते है ; और

(घ) क्या इस समय हरिजनों तथा आदिवासियों के लिये स्टाल, खोंचे तथा ट्रालियों का रेलवे द्वारा आरक्षित न ई कोटा है और यदि हां, तो कितना और उन्हें पूरा कोटा देने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) :

(क) से (घ) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

मैसर्स रोश प्रोडक्टस लि० को लाइसेंस देना

8851. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या **पैट्रोलियम** और **रसायन** मंत्री महत्वपूर्ण उद्योग श्रेणी के अधीन विदेशी औषध कंपनियों को जारी किये गये लाइसेंसों के बारे में 25 मार्च, 1975 के अता०प्र०सं० 4718 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) मैसर्स रोश प्रोडक्टस लि० को कब लाइसेंस दिया गया था और इसका मूल्य क्या है ;

(ख) इस कम्पनी को निर्माण आरम्भ करने से अब तक कितने मूल्य का कच्चा माल औषधियों के निर्माण के लिए दिया गया है और गत तीन वर्षों में कम्पनी द्वारा तैयार की गई औषधियों का मूल्य कितना है;

(ग) क्या इस कम्पनी को दिये गये लाइसेंस का प्रयोग कम्पनी स्वयं ही औषधियों को तैयार करने के लिए किया है अथवा यह लाइसेंस किसी अन्य कम्पनी अथवा फर्म को दिया गया है;

(घ) उसका पूरा ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सी० पी० माझी)

(क) रोश प्रोडक्ट्स लिमिटेड को एक औद्योगिक लाइसेंस, संख्या सी आई एल 119(74) दिनांक 24-4-1974 दिया गया था और इसके अन्तर्गत उत्पादन किए जाने वाले मदों के फैक्ट्री के बाहर के मूल्य 303.5 लाख रुपये है ।

(ख) से (घ) निर्माण प्रारम्भ करने की तिथि से भाग (क) के उत्तर में आने वाली प्रयोजनाओं के लिए कच्चे माल के आयात हेतु इस कम्पनी को जारी किए गए लाइसेंसों के मूल्य, यदि कोई हो, तथा उनके उपयोग के ब्यौरों के बारे में जानकारी की जा रही है और सभा पटल पर प्रस्तुत कर दी जाएगी । इस कम्पनी द्वारा विगत तीन वर्षों में औषधों की कुल निम्नलिखित बिक्री की गई थी :—

1971	1971—72	892
1972	1972—73	920
1973	1973—74	928

मैसर्स मर्क शार्प एण्ड धोमे को दिये गये लाइसेंस

8852. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री महत्वपूर्ण उद्योग "श्रेणी के अधीन विदेशी औषध कंपनियों को जारी किए गये लाइसेंसों के बारे में 25 मार्च, 1975 के अता० प्रश्न सं० 4718 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) मैसर्स मर्क शार्प एण्ड धोमे आफ इंडिया प्राइवेट लि० को कितने मूल्य के लाइसेंस दिये गये थे और ये लाइसेंस कब दिये गये थे;